# राजकीय कन्या महाविद्यालय, अजमेर
## आन्तरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ
## वार्षिक प्रतिवेदन - 2022-23

महाविद्यालय के आन्तरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ के द्वारा सत्र पर्यंत निम्नलिखित गतिविधियों का संचालन किया गया –

1. आयुक्तालय के निर्देशानुसार सत्र 2022-23 का शैक्षणिक एवं गतिविधि कैलेन्डर तैयार किया गया।
2. महाविद्यालय के वैब पेज को अद्यतन करने के लिए NAAC एवं SLQAC के निर्देशानुसार तथा प्राचार्य के आदेशानुसार वैब नोडल को निर्देशित किया गया।
3. राजकीय कन्या महाविद्यालय, अजमेर में रूम टू रीड एवं आइक्यूएसी के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 23 से 24 नवंबर, 2022 को बालिका शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न राजकीय विद्यालयों की बालिकाओं का महाविद्यालय में दो दिवसीय परिसंवाद एवं भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से विद्यालय की छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना था। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 23 नवंबर, 2022 को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, गगवाना राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, लोहागल, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, माकड़वाली राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, चौरसिया एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, तिलोरा की 95 और दिनांक 24 नवंबर, 2022 को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भूडोल, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नौलखा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कायमपुरा एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, चाटडी की 85 छात्राओं ने महाविद्यालय का भ्रमण किया। महाविद्यालय में कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. मंजुश्री गुप्ता ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से छात्राओं को प्रवेश प्रक्रिया छात्रवृत्ति महाविद्यालय में उपलब्ध . सुविधाओं एवं वर्षपर्यंत आयोजित होने वाली सह शैक्षणिक गतिविधियों के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की । जिसके अंतर्गत एनसीसी, एनएसएस सांस्कृतिक, साहित्यिक आदि गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया | श्रीमती अलका पंवार ने प्रवेश प्रक्रिया की पारदर्शिता और इससे जुड़े सभी चरणों की जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी। इसके अंतर्गत उन्होंने महाविद्यालय में प्रवेश हेतु जनाधार, जाति प्रमाण पत्र, आर्थिक पिछड़े वर्ग का प्रमाण पत्र एवं बोनस अंकों के लिए खेल, एनसीसी, एनएसएस या अन्य प्रमाण पत्र मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी बनाकर रखने व अपडेट रखने की आवश्यकता की जानकारी दी । अकादमी प्रभारी डॉ. प्रवीण मिर्धा ने छात्राओं को रूम टू रोड का पूर्ण अर्थ समझाते हुए बालिकाओं को पठन के माध्यम से अपने समझ का विस्तार करने के लिए प्रेरित किया। वरिष्ठ सदस्य डॉ. एस. के. शर्मा ने छात्राओं को उपलब्ध विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियों के विषय में विस्तार से जानकारी दी। महाविद्यालय में अध्ययनरत बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा रवीना साहू ने अपने शैक्षणिक अनुभवों को साझा करते हुए छात्राओं को महाविद्यालय में शिक्षण के दौरान विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता के माध्यम से ज्ञान और आत्मविश्वास में वृद्धि के बारे में बताया।


प्राचार्य डॉ. मंजुला मिश्रा ने बालिकाओं को शिक्षा के परंपरागत और आधुनिक एवं सैद्धांतिक और व्यावहारिक पक्षों के विषय में विस्तार से समझाया और उच्च शिक्षा के महत्व को बताया | रूम टू रीड संस्था की समन्वयक नेहा उदल के साथ अंजना पंवार, मोना सोनी, अनीता खींची, आशा मिश्रा एवं संबंधित विद्यालयों की शिक्षिकाओं की भी सक्रिय सहभागिता रही । कार्यक्रम का संचालन श्रीमती जया अग्रवाल ने किया। छात्राओं ने इस परिसंवाद कार्यक्रम के उपरांत चित्रकला, गृह विज्ञान, विज्ञान की प्राणी शास्त्र, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र वनस्पति विज्ञान की प्रयोगशालाओं, एनसीसी यूनिट एवं लाइब्रेरी का भ्रमण किया। जहां क्रमशः डॉ. अमित राजवंशी, श्रीमती मीनाक्षी जैन, सुश्री नीलम नागोरा, डॉ. ओ. पी. वैष्णव ने छात्राओं को विस्तार से अपने विभाग के विषय में एवं आयोजित होने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान की ।

4. 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला "Back to Basics" का आयोजन 3 महाविद्यालयों के स्नातकोत्तर संगीत विभागों द्वारा संयुक्तरूप से किया गया। यह कार्यशाला सम्राट् पृथ्वीराज चौहान महाविद्यालय अजमेर, राजकीय कन्या महाविद्यालय,अजमेर एवं सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय ब्यावर के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित की गई। संगीत की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा को प्रभावी बनाने हेतु इस कार्यक्रम का आयोजन विद्यार्थियों हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण रहा।
5. 2 फरवरी से 11 फरवरी 2023 तक 10 दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला "संगीत विषय में साक्षात्कार की तैयारी" का आयोजन सम्राट् पृथ्वीराज चौहान महाविद्यालय अजमेर, राजकीय कन्या महाविद्यालय,अजमेर एवं सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय ब्यावर के संयुक्त तत्त्वावधान में किया गया।
6. SSR की तैयारी हेतु SLQAC द्वारा आयोजित Online एवं Offline बैठको में भाग लिया गया।
7. AAP (Annual Audit Programme) की सत्र 2021-22 का स्वमूल्यांकन प्रतिवेदन (Self Assessment Report) तैयार किया गया।
8. राजकीय कन्या महाविद्यालय और महर्षि दयान्द सरस्वती महाविद्यालय के सम्बद्वता प्रमाण पत्र को अद्यतन किया गया।
9. SSR को तैयार कर SLQAC को जाँच हेतु भेजा गया तथा SLQAC तथा Accessor के सुझाए निर्देशानुसार SSR को संशोधित किया गया।
10. SSR Submission की प्रक्रिया में Institutional Information for Quality Assessment(IIQA) तैयार कर NAAC को भेजा गया ।
11. 2 दिसम्बर 2022 को IQAC एवं नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ तथा placement Cell के तत्वावधान में प्रतियोगी परीक्षाओं और सरकारी नौकरियों में चयन के मार्गदर्शन हेतु श्री सुमित गोयल का व्याख्यान आयोजित किया गया।
12. राजस्थान शिक्षा सेवा (महाविद्यालय शाखा) (संशोधन) नियम, 2022 के तहत शिक्षकों को Career advancement योजनान्तर्गत Professor पद पर पदोन्नति के क्रम में नौ संकाय सदस्यों के आवेदन (5 पूर्व प्राप्त और 4 नवीन आवेदन )और अन्य सूचनाओं को आयुक्तालय प्रेषित किया गया।
13. राजकीय कन्या महाविद्यालय सरवाड़ , राजकीय महाविद्यालय ब्यावर, राजकीय महाविद्यालय ब्यावर तथा जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय आदि

महत्त्वपूर्ण संस्थाओं से कन्या महाविद्यालय ने रिसर्च सहभागिता, Faculty Exchange तथा अन्य अकादमिक गतिविधियों के संयुक्त-संचालन हेतु MOU (Memorandum Of Understanding ) Sign किया गया ।

14. महाविद्यालय के संकाय सदस्यों को Career Advancement Scheme के नियमों की जानकारी एवं शोध विषयक जानकारी एवं समस्या समाधान हेतु सम्राट् पृथ्वीराज चाहौन महाविद्यालय,अजमेर के सह आचार्य डॉ. संजय जैन का आमुखीकरण व्याख्यान दिनांक 06-01-2023 को आयोजित किया गया ।

| | |
|---|---|
|  |  |
| SSR Submission to SLQAC- 13 october 2022 | Meeting Of IQAC members With SLQAC |

| | |
|---|---|
|   |   |
| Lecture of Dr. Sanjay Jain On Research Excellence and CAS at – 6 January 2023- Dr. Avni Sharma member of IQAC conducted the session | Lecture of Dr. Sanjay Jain On Research Excellence and CAS at – 6 January 2023 |

| | |
|---|---|
|   |  **जीजीसीए: व्याख्यान में स्टडी टिप्स दिए**<br>अजमेर \| राजकीय कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को आईक्यूएसी तथा नवाचार व कौशल विकास प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर व्याख्यान आयोजित किया गया। सुरेंद्र सिंह चौहान ने छात्राओं को दृश्य व श्रव्य माध्यम से सीखने की प्रक्रिया को समझाया। उन्होंने सकारात्मक सोच, समय प्रबंधन अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में नवाचार व कौशल विकास प्रभारी सुमन गोयल व अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे। |
| 2 दिसम्बर 2022 को IQAC एव नवाचार एव कौशल विकास प्रकोष्ठ तथा placement Cell के | Orientation Programme For Students |

| | |
|---|---|
| तत्वावधान में प्रतियोगी परीक्षाओं और सरकारी नौकरियों में चयन के मार्गदर्शन हेतु श्री सुमित गोयल का व्याख्यान | |

दैनिक भास्कर ब्यावर 13-12-2022



**एसडी कॉलेज** • तीनों संस्थानों के होंगे संयुक्त कार्यक्रम, सांस्कृतिक गतिविधियों का होगा आदान-प्रदान, विद्यार्थियों को होगा फायदा

# संगीत विभाग का तीन उच्च शैक्षणिक संस्थान से 'एमओयू', विद्यार्थियों को शोध कार्य में मिलेगी मदद, रोजगार के अवसर होंगे विकसित

भास्कर न्यूज | ब्यावर

स्थानीय सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय के संगीत विभाग में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों को अब संगीत के अलग-अलग आयामों को समझने के अधिक अवसर व माध्यम प्राप्त होंगे। महाविद्यालय के संगीत विभाग ने देश प्रदेश के अलग-अलग तीन उच्च शैक्षणिक संस्थानों से एमओयू (मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग) करार किया है। संगीत विभाग की ओर से अजमेर जिले के क्षेत्रीय विकास को दृष्टिगत रखते हुए सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय और राजकीय कन्या महाविद्यालय, अजमेर के साथ संयुक्त रूप से किया है। इसके साथ ही दूसरा एमओयू 'राजस्थान संगीत संस्थान जयपुर' और तीसरा एमओयू जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय, जमशेदपुर (झारखंड) के साथ किया है। संगीत विभाग की ओर से किए गए इन एमओयू करने का सबसे ज्यादा फायदा विभाग में संगीत का अध्ययन कर रहे छात्रों को मिलेगा। सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय ब्यावर से संगीत विभागाध्यक्ष डॉ दुष्यन्त त्रिपाठी, सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय अजमेर के संगीत विभागाध्यक्ष डॉ राम मनोहर शर्मा, राजकीय कन्या महाविद्यालय अजमेर की आईक्यूएसी प्रभारी डॉ मंजुश्री गुप्ता, राजस्थान संगीत संस्थान से डॉ गौरव जैन तथा जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय झारखंड के संगीत विभागाध्यक्ष डॉ सनातन दीप इन करारों के तहत विविध गतिविधियों का संचालन करेंगे। सनातन धर्म महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ बिन्दु तिवारी के अनुसार इस प्रकार के करारों से संस्थागत गतिविधि तथा प्रतिबद्धता में विकास तथा कार्यशैली में लक्ष्य परक दृष्टिकोण का विकास होता है।



ब्यावर. संगीत विभाग की कार्यशाला में मौजूद छात्र।

## एमओयू के बाद छात्रों को ये होंगे फायदे

- सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय ब्यावर सहित उच्च शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों के बीच परस्पर सांस्कृतिक गतिविधियों का आदान-प्रदान।
- शिक्षकों के द्वारा साझा कार्यक्रम।
- शोधकार्यों का विकास व विद्यार्थियों के कला जगत में रोजगार अवसरों को विकसित करने हेतु साझा प्रयास शुरू होंगे।
- अन्य संस्थानों के व्याख्यान प्रदर्शन।
- संगीत शिक्षा संबंधी शिक्षण सामग्री का निर्माण।
- प्रकाशन, विशेषज्ञों के कार्यक्रम तथा क्षेत्रीय कलाओं के संरक्षण एवम विकास हेतु संयुक्त रूप से प्रयास किया जाएगा।

## प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी के मिल रहे अवसर

राजकीय सनातन धर्म महाविद्यालय के संगीत विभाग में फिलहाल लगभग 80 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। संगीत विभाग में ब्यावर शहर के अलावा जयपुर, बीकानेर, पाली, हरिद्वार, दिल्ली, झांसी व ललितपुर सहित अन्य शहरों के छात्र संगीत की शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। संगीत विभाग के विभागाध्यक्ष दुष्यंत त्रिपाठी ने बताया कि उनके द्वारा संगीत विषय के लिखी गई अब तक 9 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। इसके साथ ही तीन पुस्तकें राजस्थान बोर्ड द्वारा प्रकाशित की हैं जो कक्षा 10, 11 व 12 पढ़ाई जा रही हैं। इसके साथ ही संगीत विभाग में अब तक तीन अंतरराष्ट्रीय स्तर के सेमिनार आयोजित किए जा चुके हैं। संगीत विभाग में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों को विषय की प्रतियोगी परीक्षाओं की भी विशेष तैयारी कराई जाती है। वहीं, हर सप्ताह विभाग स्तर पर टेस्ट लिए जाते हैं। इसी नतीजा है कि संगीत विभाग से अब तक 10 बच्चों ने नेट क्वालिफाई कर लिया है, इसके साथ ही एक छात्र को संगीत कोटे में नेवी में नौकरी मिली है। इसके साथ ही संगीत विभाग में बच्चों के नियमित स्तर पर टेस्ट भी लिए जाते हैं। जिससे उनमें प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने की भावना बनी रहती है।

## दुर्लभ वाद्ययंत्रों का संग्रह

एसडी कॉलेज के संगीत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.दुष्यंत त्रिपाठी ने पिछले कई सालों से लगातार देश के अलग-अलग राज्यों के दुर्लभ वाद्य यंत्रों का संग्रह किया है। इन वाद्य यंत्रों के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की जाती है। महाविद्यालय प्रशासन की ओर से संगीत से संबंधित साहित्य का संकलन कर लाइब्रेरी का निर्माण करवाया गया है।

# संगीत विभाग (कंठ)

## सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय ब्यावर

## सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय अजमेर

## राजकीय कन्या महाविद्यालय अजमेर

तथा **IQAC** के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित



B2B Back to Basics

# BACK TO BASICS

B2B Back to Basics

15 दिवसीय निःशुल्क कार्यशाला में उच्च शिक्षा के संगीत विद्यार्थी, शोधार्थी आमंत्रित हैं।



**दिनांक:** 7-12-22 से 21-12-22
**समय :** 10.00 AM to 4.00 PM
**स्थान :** संगीत विभाग (कंठ)
स.ध. राज महाविद्यालय- ब्यावर





B2B Back to Basics

## BACK TO BASICS



| | दैनिक कार्यक्रम | समय |
|---|---|---|
| 1. | अलंकार (पलटा) स्वराभ्यास | 10.00 to 11.00 AM |
| 2. | राग विस्तार (रागदारी/ राग फिरत) | 11.00 to 12.30 PM |
| 3. | Tea Break  | 12.30 to 12.50 PM |
| 4. | ताल/ लय/ तबला वादन | 12.50 to 1.45 PM |
| 5. | राग रचना / बंदिश | 1.45 to 3.15 PM |
| 6. | प्रश्नोत्तर/ प्रस्तुति/ टेस्ट/ परिचर्चा | 3.15 to 4.00 PM |
| 7. | शनिवार विशेष : सप्ताह की समस्त बंदिशें/सुगम संगीत/उप शास्त्रीय | |

संगीत विषय की आधारभूत स्वर, लय, ताल, बंदिश, सांगीतिक अलंकरण पक्ष को विद्यार्थी में सूक्ष्मता से विकसित करने हेतु उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही राग के शास्त्रीय पक्ष, समप्राकर्तिक रागों से तुलना तथा रागांग पर दैनिक चर्चा के माध्यम से विषय की पकड़ बनाने एवं ताल पक्ष को सूक्ष्मता से समझने हेतु तबला अभ्यास भी इस कार्यशाला का दैनिक अंग है । समापन दिवस पर प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा।

**नोट: ब्यावर से बाहर के विद्यार्थियों को भोजन तथा आवास की व्यवस्था स्वयं के स्तर पर करनी होगी।**

**संरक्षक मंडल**

**डॉ बिंदु तिवारी**
प्राचार्य,
स. ध. राज. महाविद्यालय, ब्यावर

**डॉ. क़ाईद अली**
प्राचार्य
स.पृ.चौ राज. महाविद्यालय अजमेर

**डॉ. मंजुला मिश्रा**
प्राचार्य
राजकीय कन्या महाविद्यालय अजमेर

**आयोजन सचिव**

**डॉ. दुष्यन्त त्रिपाठी**
विभागाध्यक्ष संगीत कंठ
स. ध. राज. महाविद्यालय ब्यावर

**डॉ. राम मनोहर शर्मा**
विभागाध्यक्ष संगीत कंठ
स.पृ.चौ राज. महाविद्यालय अजमेर

**संयोजिका**

**डॉ. मंजुश्री गुप्ता**
IQAC समन्वयक
राजकीय कन्या महाविद्यालय अजमेर

**डॉ. निशा शर्मा**
IQAC समन्वयक
स. ध. राज. महाविद्यालय ब्यावर

**डॉ. विभा खन्ना**
IQAC समन्वयक
स.पृ.चौ राज. महाविद्यालय अजमेर

**आयोजन समिति**

**प्रो. रेनुका**
विभागाध्यक्ष संगीत कंठ
राजकीय कन्या महाविद्यालय ,अजमेर

**प्रो. लीलू व्यास**
सह आचार्य संगीत कंठ
राजकीय कन्या महाविद्यालय अजमेर

**श्रीमती संगीता शर्मा**
सह. आचार्य संगीत कंठ
स.पृ.चौ राज. महाविद्यालय अजमेर

**मार्गदर्शक मंडल**

**डॉ. सुशील कुमार बिस्सु**
सह आचार्य, गणित
स. ध. राज. महाविद्यालय ब्यावर

**डॉ. अनिल दाधीच**
सह आचार्य अंग्रेजी साहित्य
राजकीय कन्या महाविद्यालय अजमेर

**डॉ. अर्चना**
सह आचार्य चित्रकला
राजकीय कन्या महाविद्यालय अजमेर




समन्वयक
डॉ.मंजुश्री गुप्ता
आन्तरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ